तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025

11 सावन की हरियाली में सजी संस्कृति सशक्तिकरण...

12 शिव भक्ति से ही आएगी समाज व दुनिया में शांति










**समस्या : सूखानदी में पुल निर्माण के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत, दो वर्ष से काम अधूरा छोड़ दिया**

# पुल के अभाव में जान जोखिम में डाल विद्यालय जाने को मजबूर हैं छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पुल-पुलिया के अभाव के कारण बारिश के चार महीनों में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि स्कूली छात्र-छात्राओं को भी भारी परेशानियों का सामना करते हुए स्कूल आना पड़ रहा है। वे जान जोखिम में डालकर, नदी-नालों को पार कर अपने सुनहरे भविष्य को गढ़ने के लिए स्कूल तक पहुंचते हैं, तब कहीं जाकर उन्हें शिक्षा हासिल होती है।

क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही झमाझम बारिश के कारण मैनपुर क्षेत्र के नदी-नालों में अचानक बाढ़ आ जाती है। मैनपुर ब्लॉक के अमलीपदर स्थित सुखानदी को जान जोखिम में डालकर सैकड़ों छात्र-छात्राएं बारिश के दिनों में स्कूल पहुंचते हैं। कई छात्र-छात्राएं प्रतिदिन नदी में फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

यह तस्वीर मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर की है, जहां बच्चे नदी को पार कर स्कूल जा रहे हैं। अमलीपदर में हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की सुविधा है। अमलीपदर के अलावा ग्राम उसरीजोर, गुढ़ियारी, भाठीपारा, गोलामाल, कांण्डेकेला, डेडन्दुपदर, मुड़ामहान, गुरजीभाठा, फरसरा सहित एक दर्जन से ज्यादा गांवों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाई करने के लिए प्रतिदिन नदी पार करने को मजबूर हैं।



### पुल स्थल पर सूचना बोर्ड लगाना जरूरी

शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय अमलीपदर के प्राचार्य श्री वाघे ने बताया कि 100 से ज्यादा छात्राएं नदी पार कर स्कूल पढ़ने आती हैं। तेज बहाव होने पर बच्चों को स्कूल आने से रोका जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि पुल स्थल पर सूचना बोर्ड लगाना जरूरी है, क्योंकि सूखा नदी का बहाव कभी-कभी अचानक तेज हो जाता है।



### करोड़ों रुपये स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण कार्य अधर में

मैनपुर के अमलीपदर सूखा नाला पर 2020 में सात करोड़ रुपये की लागत से पुल निर्माण की मंजूरी तो मिल गई थी, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते आज भी इस क्षेत्र के लोगों की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। 150 मीटर पुल के निर्माण की जवाबदेही पीडब्ल्यूडी के सेतु शाखा को मिली थी। निविदा के बाद एनजी एसोसिएट्स नाम की कंपनी को काम मिला। 5 जून 2022 को कार्य आदेश जारी हुआ था, जिसे 2023 में पूरा कर लिया जाना था। हालांकि, ठेका कंपनी ने तय समयावधि के अतिरिक्त एक साल मिलने के बावजूद भी काम पूरा नहीं कर पाया। अधूरा पिल्लर एक तरफ खड़ा कर छोड़ दिया गया है। अब तक पुल निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है और इसे अधूरा छोड़ दिया गया है, जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।



## प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

■ तहसीलदार को ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन

ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष फलेन्द्र कुमार साहू ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर विगत 32 वर्षों से लंबित 27% ओबीसी आरक्षण छत्तीसगढ़ में लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि देश की संघीय संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार, सामाजिक एवं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए समुदाय को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को समानता के अवसर उपलब्ध कराते हुए समुचित विकास एवं उत्थान की व्यवस्था की गई है।

तदानुसार, केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति को 15% तथा अनुसूचित जनजाति को 7.50% आरक्षण का प्रावधान है, जबकि राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति को 12% और अनुसूचित जनजाति को 32% आरक्षण का प्रावधान लगभग आबादी के बराबर किया गया है। वहीं, केंद्र सरकार ने मंडल कमीशन की अनुशंसा के अनुसार संविधान लागू होने के 44 साल बाद माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27% आरक्षण दिया है। साथ ही, राज्य की स्थिति के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग को राज्य शासन द्वारा आरक्षण सुनिश्चित करने का अधिकार दिया गया है।

**अविभाजित मध्यप्रदेश से लंबित है मुद्दा-** साहू ने बताया कि ओबीसी समुदाय को अविभाजित मध्यप्रदेश में मात्र 14% आरक्षण शिक्षा एवं रोजगार में दिया गया था, जो कि आज तक छत्तीसगढ़ राज्य में लागू है। बहुसंख्यक ओबीसी समुदाय को आबादी के अनुरूप हिस्सेदारी (आरक्षण) प्रदान नहीं करने के कारण प्रदेश के ओबीसी समुदाय का समुचित विकास एवं उत्थान में अपरिमित नुकसान हो रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 दिसंबर 2022 को आरक्षण संशोधन विधेयक पारित कर महामहिम राज्यपाल के हस्ताक्षर हेतु ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### शिव महापुराण की कथा आज से फिंगेश्वर में

**फिंगेश्वर।** नगर के वार्ड नंबर 13, द्वारसिवनी में 22 जुलाई से श्री शिवपुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान के कथाकार भगवताचार्य पं. त्रिभुवन महाराज होंगे। यह कार्यक्रम वार्ड 13 के नागरिकों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आज, 22 जुलाई को कलश यात्रा, वेदी पूजा और स्थापना महत्व के साथ कथा का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। इसके अतिरिक्त, प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक जलाभिषेक का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर वार्डवासियों ने सभी लोगों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।



### सारखेश्वर धाम में किया श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक

**अभनपुर।** सावन मास के दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर ग्राम सारखी स्थित ख्याति प्राप्त स्वयंभू सारखेश्वर धाम मे शिवभक्तो की भारी भीड़ रही। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष खेलूराम साहू अपने परिवार सहित, भाजपा मंडल अध्यक्ष खोरपा किशोर साहू, समाजसेवी राघवेन्द्र साहू,वरूण राठी,लौटन गिलहरे, किशोर शर्मा,सागर साहू,नरोत्तम साहू सहित कई शिवभक्तों ने समस्त जनकल्याण एवं सुख-शांति की कामना करते हुए भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर अनुष्ठान में शामिल हुये। पूजन के पश्चात सभी श्रद्धालुओ को प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर सारखेश्वर ट्रस्ट समिति द्वारा एवं सोनी मल्टी हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित ग्रामीणों और श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

## अघोषित कटौती और बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस ने किया कार्यालय का घेराव

**बारिश भीगते कांग्रेस ने कोपरा में किया जमकर प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और नगर कांग्रेस कमेटी ने अघोषित बिजली कटौती और प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली के दरों में वृद्धि के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए स्थानीय विद्युत कार्यालय का घेराव किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पांडुका थाना से पुलिस टीम तैनात थी, हालांकि इस दौरान कांग्रेसियों और पुलिस के बीच हल्का-फुल्का झड़प भी हुई। कांग्रेसियों ने गड़ाही मंदिर चौक में एक सभा का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने भाजपा सरकार की नाकामियों को गिनाया। ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, तब से लोगों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर प्रदेश सरकार बिजली में कटौती कर रही है, तो दूसरी ओर बिजली की दरों में वृद्धि कर लोगों को परेशान कर रही है। साहू ने याद दिलाया कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब लोगों को बिजली बिल आधे दर पर मिल रहा था और बिजली कटौती भी नहीं की जा रही थी।



### कांग्रेसियों ने विभाग से जुड़ी अनेक समस्याएं बताईं

उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में खरीफ फसलों में खाद डालने का समय है, लेकिन सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है। इससे किसान परेशान होकर मजबूरी में निजी खाद दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। सभा के बाद कांग्रेसी रिमझिम बारिश में भीगते हुए विद्युत दफ्तर घेरने निकले। उन्होंने दफ्तर के बाहर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजी की और बिजली कटौती व बिजली के दर में वृद्धि को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान विभाग के जेई जॉनसन बंजारे को कांग्रेसियों ने विभाग से जुड़ी अनेक समस्याएं बताईं। जेई ने जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। हालांकि, जब सुशासन त्योहार में लोगों द्वारा दिए गए आवेदनों के निराकरण के संबंध में पूछा गया तो जेई ठीक से जवाब नहीं दे पाए। इस प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, प्रशासनिक महामंत्री ओंकार ठाकुर, अवध सिन्हा, बेदराम साहू, योगेश साहू, विक्रम साहू, मोतीलाल साहू, दामिनी साहू, अनिरुद्ध साहू, नंद बंशे, डॉ. रमेश साहू, अनिल चंद्राकर, ओमप्रकाश बंछोर, हरिशंकर श्रीवास्तव, दुर्गा साहू, होरीलाल वर्मा, रमेश साहू, सुदामा वर्मा, देवनारायण साहू, देवेंद्र साहू, गुलशन साहू, वीरेंद्र साहू, डोमल्लाल तारक सहित कई अन्य कांग्रेसी शामिल थे।




## प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने पहुंच रहे पर्यटक

# बारिश के साथ-साथ बोतल धारा जलप्रपात की निखरी खूबसूरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ जलप्रपात पर सावधानी बेहद जरूरी, नहीं तो हो सकती है दुर्घटना

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड में स्थित बोतलधारा जलप्रपात की खूबसूरती इन दिनों बारिश के कारण और भी निखर उठी है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 15 किलोमीटर दूर यह जलप्रपात बारिश के दिनों में बेहद आकर्षक दिखता है। इस वनांचल पहाड़ी क्षेत्र में कुछ जंगल और खासतौर पर वाटरफॉल अपने पूरे शबाब पर होते हैं, और लोग इनके प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने पहुंचते हैं। कुल्हाड़ीघाट की पहाड़ी पर स्थित यह बोतलधारा अपने बोतल के आकार के लिए पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। इस वाटरफॉल को तहसील मुख्यालय मैनपुर से देखा जा सकता है। लगभग दो किलोमीटर की ऊंचाई से बोतल के आकार में धुंआधार गिरते जलप्रपात को देखने का एक अलग ही अनुभव है। यहां पहुंचने के लिए मैनपुर से बुड़ार तक 7 किलोमीटर वाहन से जाया जाता है, और फिर 6 किलोमीटर पैदल दुर्गम पहाड़ी रास्तों को पार कर यहां पहुंचा जाता है। हर बारिश के दिनों में क्षेत्र के युवा यहां पहुंचते हैं और जलप्रपात का आनंद लेते हैं। इन दिनों बोतलधारा जलप्रपात की खूबसूरती चरम पर है। मैनपुर क्षेत्र के जंगल की पहाड़ी में स्थित बोतलधारा जलप्रपात जितनी खूबसूरत है, उतनी ही खतरनाक ▶▶|शेष पेज 10 पर



# भूतेश्वरनाथ महादेव में सावन के दूसरे सोमवार को उमड़ा शिवभक्तों का जनसैलाब

## भूतेश्वरनाथ में 6 हजार से अधिक भक्तों ने किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्राकृतिक सौंदर्य और घने जंगलों के बीच स्थित भूतेश्वरनाथ महादेव में सावन के दूसरे सोमवार को बोल बम कांवड़ियों और शिव भक्तों का विशाल मेला लगा। हजारों की संख्या में पहुंचे कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सुबह पांच बजे से ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ति की कामना की। उन्होंने श्रद्धापूर्वक भगवान शिव को दूध, दही, बेलपत्र, धतूरा, सफेद फूल, चावल और तिल आदि अर्पित किए। भक्तों ने विशाल शिवलिंग की अर्ध परिक्रमा भी की। मंदिर समिति प्रमुख ने बताया कि दूसरे सोमवार को यहां लगभग दो हजार से अधिक कांवड़ियों ने भगवान भूतेश्वरनाथ का जलाभिषेक किया। इसके अतिरिक्त, जिले के साथ-साथ दूर-दराज के जिलों से भी करीब 3 से 4 हजार श्रद्धालु और शिव भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन, जलाभिषेक और आराधना के लिए पहुंचे। इससे पहले, हजारों की संख्या में पहुंचे भगवा वस्त्रधारी कांवड़ियों के कारण मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल देखने को मिला। पूरे रास्ते में कांवड़िए नाचते-गाते और झूमते हुए बोल बम, हर हर महादेव/" के नारे लगाते हुए नजर आए। मंदिर प्रांगण में भी दिन भर /"हर हर महादेव/" गूंजता रहा, और श्रद्धालु व कांवड़िए पूरे दिन शिव भक्ति में लीन रहे। कई भक्तों की आंखों में श्रद्धा के आंसू थे, वे निहारते हुए शिवलिंग के दर्शन करते रहे।यह ज्ञात हो कि भगवान शिव के विशेष जलाभिषेक और मनोकामना पूर्ति के लिए भक्त कांवड़ यात्रा निकालते हैं। नदियों से कांवड़ में जल लेकर वे कई किलोमीटर पैदल चलकर जल अर्पण करने पहुंचते हैं। सावन के दूसरे सोमवार को भी कांवड़ यात्रा का मनोरम दृश्य देखने को मिला। गरियाबंद से आने वाले विभिन्न मार्गों पर /"बोल बम/" के नारों के साथ कांवड़िए दिखाई दिए। अधिकांश भक्त त्रिवेणी संगम राजिम से जल लेकर पहुंचे थे, जबकि कई लोग पैरी नदी के उद्गम स्थल सिहावा पहाड़ी से जल लेकर आए थे। कुछ कांवड़िए बाजे-गाजे के साथ भक्ति गीतों में लीन होकर पहुंचे थे। नगर और ग्रामीण अंचल के लोगों ने भी उनका उत्साहपूर्वक स्वागत-सत्कार किया।



### भूतेश्वरनाथ में दिखा भक्तों का अपार उत्साह

अद्वितीय आस्था और विश्वास का केंद्र माने जाने वाले विश्व के विशालतम शिवलिंग भूतेश्वरनाथ में सूर्यास्त के साथ जलाभिषेक शुरू हुआ। भगवान शिव पर दूध और जल अर्पित किया गया, जिसके बाद पूरे दिन में लगभग 5 से 7 हजार से अधिक कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक किए। शिव चालीसा का पाठ भी किया गया। इस दौरान भगवान शिव के भक्तों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कांवड़िए विशेष वेशभूषा और मनोहारी परिवेश में पहुंचे थे। कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सेवा में भूतेश्वरनाथ समिति सक्रिय दिखी। समिति द्वारा सभी कांवड़ियों के रुकने और भोजन की व्यवस्था की गई। सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस भी मौके पर मौजूद रही।

## खबर संक्षेप

### शराब पिलाने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद**। शराब पिलाने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना ग्राम जोगीडीपा की है। रिपोर्ट पर पटेवा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को रवि कुमार जगत ने बताया कि 17 जुलाई की रात करीबन 10 बजे वह गांव के गजानंद ध्रुव के साथ ललित चाय सेंटर से चाय पीकर पैदल घर आ रहे थे। ग्राम जोगीडीपा एनएच 53 पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे, तभी गजानंद ध्रुव द्वारा मुझे शराब नहीं पिला रहे हो कहकर परेशान करने लगा। जब उसे शराब पिलाने से मना किया तब आरोपी गजानंद ने विवादकर गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और ईंट के टुकड़े से सिर में मार दिया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### विधायक के खिलाफ पर्चा, थाने में शिकायत

**पटेवा**। रविवार को पटेवा थाना में भाजपा सिरपुर पटेवा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा थाना प्रभारी को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को बदनाम करने की नियत से पर्चा बनाकर चिपकाया गया था, जिसके विरोध में दंडनीय कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया। जिसमें सुनील पटेल मंडल महामंत्री, देवकी प्रकाश पटेल जिला पंचायत सदस्य, सोमनाथ सिन्हा, मनोहर साहू, सुनील शुक्ला, पप्पू देवांगन, नीतिश गजेंद्र, लीलाधर नायक, भैरव पाल, कमलेश पटेल, दुर्गेश यादव, पवन यादव आदि शामिल रहे।

### अरंड से सिरपुर के लिए निकले कांवरिए

**अरंड (पिथौरा)**। ग्राम अरंड के जय महावीर समिति द्वारा 20 जुलाई को बोलबम कांवरिया संघ के नेतृत्व में कांवरिए शोभाराम ध्रुव, मिलो बाई ध्रुव, टिकेश्वरी बाई, कुमकुम, सेतबाई ध्रुव, हेम बाई ध्रुव, अजय ध्रुव आदि सिद्ध बाबा से जल लेकर रवाना हुए। वे महाशिवरात्रि आगामी सोमवार को सिरपुर पहुंच कर भगवान गंद्धेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बोल बम कांवरिया संघ ने जय महावीर बोल बम कांवरियां समिति अरंड से ग्राम के शोभाराम ध्रुव अपने परिवार के साथ लगातार 26 साल से कांवर यात्रा करते आ रहे हैं। इस वर्ष लगातार 27वां साल होने जा रहा है।

## सियासत : प्रदेश की जनता को भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए किया जा रहा परेशान

# भूपेश ने कांग्रेस को पुत्र मोह में झोंका, भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की नाकाम कोशिश : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम रेस्ट हाउस में सोमवार की शाम राजिम विधायक रोहित साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर हमला बोला। विधायक रोहित साहू ने सवाल उठाते हुए कहा कि भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल कांग्रेस में किस पद पर हैं, जिनके समर्थन में पूरी कांग्रेस पार्टी प्रदर्शन कर रही है। इससे साफ जाहिर है कि भूपेश बघेल पुत्र मोह में पूरी कांग्रेस को अपने व्यक्तिगत हितों के लिए उपयोग करने की कोशिश कर रहे हैं। साहू ने कहा कि प्रदेश की जनता को भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए परेशान किया जा रहा है, यह तो चोरी और ऊपर से सीनाजोरी वाली बात हो गई। विधायक श्री साहू ने पत्रकार वार्ता के दौरान भूपेश सरकार के कार्यकाल में कोल ब्लॉक आवंटन, पर्यावरण स्वीकृति और पेड़ों की कटाई से जुड़े आधिकारिक दस्तावेज जारी करते हुए कांग्रेस की कथनी और करनी/" को उजागर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल स्वयं कोल ब्लॉक आवंटन हेतु पत्राचार और अनुशंसा करते रहे, और आज उसी पर झूठे आरोप लगाकर ध्यान भटका रहे हैं।

विधायक साहू ने तथ्यों को सामने रखते हुए बताया कि 2010 में कांग्रेस के केंद्र शासन में हसदेव अरण्य को नो गो जोन से गो एरिया में बदला गया। 23 जून 2011 को कोल ब्लॉकों को खोलने का प्रस्ताव दिया गया। 16 अक्टूबर 2019 को छत्तीसगढ़ सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति हेतु सिफारिश भेजी। 2021 और 2023 में वन स्वीकृति स्टेज-1 और स्टेज-2 की सिफारिश की गई। इन तथ्यों को सामने रखते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि भूपेश बघेल झूठ की फैक्ट्री चला रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस मनमोहन सरकार के समय लिए गए निर्णयों के लिए माफी मांगेगी? क्या भूपेश बघेल अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे, जैसा उन्होंने स्वयं कहा था? और क्या कांग्रेस हर अपराधी के समर्थन में इसी प्रकार सड़कों पर उतरेगी? उन्होंने बताया कि कोयला खदानों के आवंटन के लिए राजस्थान के तत्कालीन मंत्री बीडी कल्ला और वहां के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा लिखे गए पत्रों की प्रतियां आज भी दस्तावेजों के रूप में मौजूद हैं।





### कोल ब्लॉक आवंटन पर कांग्रेस की भूमिका पर साहू ने उठाए सवाल

उन्होंने आगे कहा कि 23 जून 2011 को केंद्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, उस वक्त अडानी को दो बड़ी खदानों गारे पेलमा सेक्टर-2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया। इसी तरह भूपेश बघेल जी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी। विधायक ने कहा कि 31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर-2, मांड-रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता भी सबके सामने है। इसी क्रम में 19 अप्रैल 2022 को भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते ही कांग्रेस सरकार द्वारा वन स्वीकृति स्टेज-1 और 23 जनवरी 2023 को वन स्वीकृति स्टेज-2 के लिए सिफारिश भेजी गई। महाजेंको कोल फील्ड की स्वीकृति में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संलिप्तता को लेकर तब अनेक अखबारों ने समाचार भी प्रकाशित किए थे। 25 मार्च 2022 को भूपेश सरकार ने राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार के रहते राजस्थान को कोल माइंस का आवंटन किया था।

**कोल ब्लॉक आवंटन पर कांग्रेस-बघेल का झूठ बेनकाब-** विधायक श्री साहू ने स्पष्ट किया कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के इस पाखंड, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को अब और बर्दाश्त नहीं करेगी। पत्रकार वार्ता के दौरान मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने भी कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुत्र मोह में भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस पार्टी को झोंक दिया है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, जिला भाजपा आईटी प्रकोष्ठ के चीफ सागर मयानी सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे। विधायक रोहित साहू और जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखे हैं जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया। आज भूपेश बघेल भी इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रहे हैं और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रहे हैं, जिसे प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। पत्रकार वार्ता में तथ्यों एवं दस्तावेज प्रेजेंटेशन के माध्यम से कांग्रेस के झूठ को एक बार फिर बेनकाब किया गया।

## तेतलपारा के कांवड़िए दंडवत करते पहुंचे शिवमंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



पवित्र सावन माह के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। चारों तरफ 'बोल बम' के जयकारे लगाते कांवड़ियों की भीड़ दिखाई दे रही है। बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु अपनी सामर्थ्य के अनुसार नंगे पांव बाबाधाम पहुंचते हैं। कोई कंधे पर कांवर लेकर, तो कोई पैदल, तो कोई हाथ में जलपात्र लेकर बाबाधाम पहुंचकर बाबा पर जलार्पण कर मनोकामना प्राप्त करते हैं। लेकिन इन सभी भक्तों से अलग, इन दिनों कांवड़िया पथ पर कुछ ऐसे भक्त भी दिखाई दे रहे हैं, जिन्होंने अपने हठयोग का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। मैनपुर विकासखंड के झरगांव तेतलपारा के कांवड़ियों ने दंडवत करते हुए बाबा के दरबार तक की यात्रा की। कांवर में गंगाजल भरकर नंगे पांव गंगाधाम से बाबाधाम की कष्टप्रद यात्रा करने की यह अति प्राचीन परंपरा है। कहते हैं कि तप से सिद्धि की प्राप्ति होती है। भक्त कठोर तप कर अपने आराध्य बाबा बैद्यनाथ को प्रसन्न करने की कोशिश करते हैं। कोई कंधे पर कांवर लेकर नंगे पांव बाबा धाम पहुंचते हैं, कोई डाक बम बनकर दौड़ते हुए जलपात्र लेकर पहुंचते हैं, जबकि कुछ तो एक कदम और आगे बढ़कर हठयोग का सहारा लेते हुए दंडवत करते हुए बाबा के दरबार में पहुंचते हैं। इस तरह दंडवत करते हुए 2 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा लगभग 8 घंटे में पूरी हुई। बाबा के इन भक्तों की मानें तो यह शक्ति उन्हें बाबा की अनुकंपा से ही मिलती है। दंडवत करते हुए जल लेकर बाबाधाम की इस यात्रा के भी कई नियम हैं, जिनका इनके द्वारा कड़ाई से पालन किया गया। आस्था और श्रद्धा से सामर्थ्य का सृजन होता है, और यही इन दंडी शिवभक्त कांवड़ियों को दंडवत करते हुए जल लेकर बाबाधाम आने की शक्ति प्रदान करता है। दंड बम भी मानते हैं कि बाबा की अनुकंपा के बगैर यह कठिन यात्रा संभव नहीं है। इस कठिन यात्रा में इन्हें बहुत परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है, लेकिन भोलेनाथ कैसे अपने भक्तों की परेशानी हर लेते हैं, यह दंड देने वाले शिव भक्तों को भी महसूस नहीं होता। तभी तो 2 किलोमीटर की कठिन यात्रा 8 घंटे में संपन्न हुई।

## जीवन के लिए पर्यावरण संतुलन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





पर्यावरण हैं तो प्राण हैं, इसकी रक्षा करना प्राणों की रक्षा करने के समान हैं ' उक्त उदगार वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने ग्राम उमरपोटी मे आयोजित /"एक पेड़ माँ के नाम/" कार्यक्रम मे व्यक्त किये ' श्री बजाज ने कहा कि हरियाली का सीधा संबंध खुशहाली से हैं, धरती हरी भरी रहेगी तो हमारे जीवन मे भी खुशहाली बढ़ेगी ' उन्होंने कहा कि वृक्ष तमाम जीवों को पालते हैं तथा शुद्ध आक्सीजन प्रदान करते हैं ' इस अवसर पर गौठान मे सैकडों पौधे लगाये गए ' इस कार्य मे ग्रामवासियों विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ' कार्यक्रम में मुख्यरूप से भारतीय किसान संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री तुलाराम धिवर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव, कलार डडसेना समाज अभनपुर के मंडलेश्वर शांतनु सिन्हा, सरपंच पिंकेश्वर सिन्हा, आलेखुटा के सरपंच झाड़ूराम सिन्हा, सुंदरकेरा के पूर्व सरपंच नत्थूराम साहू, सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष गोपाल साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता देवनारायण सिन्हा, योगेंद्र ध्रुव, उपसरपंच प्रीतम सिन्हा, रूपचंद नागवंशी, अवधराम नागवंशी, रामचंद्र ध्रुव, लीलाराम पटेल, भागीरथी तारक, उसुक बाई ढिढी, उपसरपंच मोंगरा तारक, चमेली बाई सिन्हा, सुखबती साहू, नोहर यादव, मुन्ना सिन्हा, दुष्यंत साहू, पुरानिक सिन्हा, विजय राव, प्रेम सिन्हा, कुमारी कुर्रे, यशोदा बाई, टिकम सिन्हा, गुड्डू तारक, लोकनाथ मनहरे, प्रमोद मनहरे, अशोक सिन्हा, अलेन पटेल, संतोष सिन्हा व अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष...

### प्रदेश में 27 प्रतिशत...

प्रस्तुत किया गया था, जिसमें अनुसूचित जनजाति को 32%, अनुसूचित जाति को 13%, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27% एवं आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को 4% आरक्षण दिए जाने का प्रावधान किया गया है। ओबीसी महासभा द्वारा विगत वर्षों से लगातार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कलेक्टर/एसडीएम/तहसीलदार के माध्यम से यह ज्ञापन दिया जा रहा है, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा अब तक समुचित प्रयास नहीं किया गया है। जिससे ओबीसी समुदाय में रोष व्याप्त है और ओबीसी महासभा द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से अवध राम साहू, ओमप्रकाश साहू, नरोत्तम साहू, जयराम साहू और ऐश कुमार उपस्थित थे।

### बारिश के साथ-साथ...

भी। चिंता की बात यह है कि इस स्थान पर कहीं भी चेतावनी बोर्ड नहीं लगे हैं, जबकि यहां चेतावनी बोर्ड लगाया जाना बेहद ज़रूरी है। सेल्फी और ग्रुप फोटो लेना यहां बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए, इस खूबसूरत वाटरफॉल पर प्रशासनिक तौर पर सुरक्षा के इंतजाम पर्यटन मंडल को करने चाहिए।इसके साथ ही, यह हाथी प्रभावित क्षेत्र है। यहां जाने से पहले वन विभाग को सूचित करना और ट्रेकर ले जाना ज़रूरी है, ताकि पर्यटक सुरक्षित प्रवेश कर सकें। फिलहाल, यहां मात्र चार महीने ही बारिश के दिनों में वाटरफॉल देखने को मिलता है। बोतलधारा जलप्रपात की सुंदरता का एहसास वहीं बीहड़ जंगलों को पार करके पहुंचने के बाद ही किया जा सकता है।

## अंचल में कुपोषण के खिलाफ मजबूत पहल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सशक्त कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



छत्तीसगढ़ सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंचल के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण युक्त सामग्री प्रदान करने के उद्देश्य से एक अहम पहल की गई। इस अभियान को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। आज कोसमी सेक्टर में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत कृषि सभापति लेखराज ध्रुवा ने महिला एवं बाल विकास विभाग के इस प्रयास को समर्थन देते हुए दो बच्चों निखिल मरकाम और चंद्रदेव के लिए पोषण सामग्री प्रदान करने की सहमति दी। यह सहमति पत्र 6 माह तक निर्धारित पोषण सामग्री के समुचित वितरण और देखरेख हेतु दी गई है, ताकि बच्चों को गंभीर कुपोषण की स्थिति से बाहर निकालकर सुपोषित श्रेणी में लाया जा सके। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, पालक, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के पोषण और विकास को लेकर जागरूकता दिखाई। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच, वजन मापन और पोषण परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत कृषि सभापति लेखराज ध्रुवा ने कहा यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। जब तक हमारे गांव का हर बच्चा स्वस्थ और सुपोषित नहीं हो जाता, तब तक विकास अधूरा है। इस तरह की योजनाएं बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव हैं।आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों और माताओं के लिए जानकारीपरक चार्ट, वर्णमाला, भोजन मंत्र और रंगीन दीवार चित्रों के माध्यम से शिक्षा और पोषण दोनों का समन्वय देखने को मिला। यह आयोजन न केवल सहमति पत्रों के हस्ताक्षर तक सीमित रहा, बल्कि गांव में कुपोषण उन्मूलन की दिशा में एक सामूहिक संकल्प का प्रतीक बना।यह पहल बच्चों के संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए सरकार और समाज के संयुक्त प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## शराब की अवैध बिक्री के मामलों में कार्रवाई, पांच लोग गिरफ्तार

**महासमुंद**। शराब की अवैध बिक्री के चार मामलों में जिले की पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने मुखबिर सूचना पर खटखटी ओवरब्रिज के नीचे आरोपी बिनु ठाकुर पिता किशोर कुमार ठाकुर (24 साल) वार्ड नं 12 टिकरापारा बसना के कब्जे से 52 नग देशी प्लेन शराब कीमत 4160 रुपए को को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह ग्राम बम्हनीडीह रोड पुल के पास आरोपी अशोक कुमार साहू पिता राम प्रसाद साहू (34 साल) माधोपाली थाना सरायपाली के कब्जे से बसना पुलिस ने 10 लीटर महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया गया। वहीं सरायपाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नूनपानी का सालिक राम भारती गंधरेल डीपा तिराहा के पास अवैध रूप से देशी हाथ भट्टी महुआ शराब बिक्री करने ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब 30 लीटर देशी हाथ भट्टी महुआ शराब कीमत 6000 रुपए को जब्त किया है।

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय बैंक शाखा खड़मा से पीएल साहू को दी गई विदाई

**मुड़ागांव(कोरासी)।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा खड़मा के शाखा प्रबंधक पीएल साहू का स्थनांतरण उपरांत शाखा नवापारा जिला रायपुर के लिए आज कार्यमुक्त किया गया एवं सादगी पूर्ण विदाई समारोह का आयोजन रखा गया जिसमे शाखा प्रबंधक पीएल साहू सहायक लेखापाल ओ पी यादव, नरोत्तम ध्रुव, लिपिक गोपाल साहू, नीलकंठ साहू, एवं शाखा खड़मा एवं समिति के समस्त स्टाप विदाई समारोह मे सम्मिलित हुए एवं स्थानांतरित अधिकारी पी एल साहू शाखा प्रबंधक सर जी को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देकर विदाई दी गई।

### मुड़ागांव में गायत्री परिवार ने किया पौधा रोपण



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मुड़ागांव के प्रज्ञा मंडल गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा छायादार एवं फलदार मां के नाम एक पेड़ के तहत गांव के विभिन्न जगहों पर पौधा रोपण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से राम अवतार यादव, उमेंद्र सिंह दीवान, नंदकुमार सिन्हा, कुमारी पूर्वा दीवान, कुमारी धारिणी दीवान एवं श्याम सुंदर दीवान ने सहयोग किया।

### मरार पटेल समाज की बैठक एक जोड़े का हुआ विवाह

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्राराज के अंतर्गत ग्राम बनियातोरा में बैठक रविवार को हुई। बैठक में राजिम राज के समाज पदाधिकारी के साथ ही राजसदस्य बासीन शामिल हुए। बैठक की शुरूआत समाज के ईष्ट देवी मां भगवती शांकभरी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पूजन अर्चन कर की गई। बैठक में सभापति के रूप में लोचन पटेल प्रदेश संरक्षक एवं संयोजक नर्रा एवं सभा का अध्यक्षता पुरुषोत्तम पटेल राज अध्यक्ष रहे। विशिष्ट अतिथि तेजराम पटेल छग प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं समाज प्रमुखों का स्वागत किया गया। राजिम और नर्राराज से संबधित आए आवेदन को सभापति के आदेशानुसार संगठन सचिव द्वारा पढ़कर सुनाया गया। इस आवेदन की पूछताछ के लिए नर्राराज महासचिव तथा राजिम राज सलाहकार ने भी लड़की और लड़का से पूछताछ किया। वे दोनों ने बताया कि प्रेम प्रसंग के चलते वे दोनों पति और पत्नी के रूप में स्वीकार किया। सभा में सामाजिक रीति रिवाज के साथ समाज के समक्ष संरक्षक लोचन पटेल द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर वर-वधू का विवाह सम्पन्न कराया।
इस दौरान तेजराम पटेल ने कहा कि समाज के लिए शिक्षा और संस्कार जरूरी है। शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो बंद ताले को खोलने का चाबी है।

**आयोजन :** समूह द्वारा सावन उत्सव का आयोजन, महिला सशक्तिकरण और ग्रीन अर्थ का संदेश

# सावन की हरियाली में सजी संस्कृति सशक्तिकरण और समर्पण की छटा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

यारिया फ़ॉरएवर महिला समूह ने रविवार को एक निजी आवास में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया। समूह की अध्यक्ष भारती सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव में सांस्कृतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संदेशों का सुंदर समावेश देखने को मिला। इस वर्ष उत्सव की थीम 'महिला सशक्तीकरण और ग्रीन अर्थ' रखी गई थी, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव के भजनों और कीर्तन से हुआ, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इसके बाद, महिलाओं ने पारंपरिक हरे परिधानों में सज-धजकर झूला झूलने की रस्म निभाई, जो सावन की हरियाली और उमंग का प्रतीक है। महिलाओं ने हरियाली तीज के महत्व पर भी चर्चा की और इसे भारतीय संस्कृति व परंपरा का अभिन्न अंग बताया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आकर्षण-** सावन के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुतियों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। नृत्य प्रस्तुतियों में महिलाओं की ऊर्जा और उत्साह ने माहौल को जीवंत बना दिया। रैंप वॉक में सभी ने हरे रंग की पोशाक में अपनी खूबसूरती और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। मनोरंजक खेल स्पर्धाओं में भी महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी सिन्हा ने कुशलतापूर्वक किया, जिनकी ऊर्जावान प्रस्तुति ने सभी का ध्यान खींचा। अतिथियों ने अपने संबोधन में सावन के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए इसे एकता और खुशियों का प्रतीक बताया।

इस अवसर पर भारती सिन्हा, मोनिका सिन्हा, रचना सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा, मोनिका सेंडे, समीक्षा सोनी, निशा गुप्ता, पूजा गुप्ता, लाइरा सोनी, ममता सोनी सहित यारिया फ़ॉरएवर समूह की अन्य महिलाएँ उपस्थित थीं। सभी ने मिलकर इस आयोजन को यादगार बनाया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसने सभी के मन में भक्ति और एकता का भाव जागृत किया।

यह सावन उत्सव न केवल सांस्कृतिक उत्साह का प्रतीक बना, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यारिया फ़ॉरएवर समूह ने इस आयोजन के माध्यम से अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित किया।

### सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



इस उत्सव में महिलाओं ने न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया, बल्कि महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपना संकल्प भी दोहराया। सभी उपस्थित महिलाओं ने हरे रंग के वस्त्र पहनकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का प्रदर्शन किया। गीत-संगीत, नृत्य, रैंप वॉक और मनोरंजक खेल स्पर्धाओं ने उत्सव में चार चाँद लगा दिए, जहाँ महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

## भूतबेड़ा में अधूरा स्कूल भवन ग्रामीण अगस्त में करेंगे आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर के राजापड़ाव क्षेत्र के ग्राम भूतबेड़ा में पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि अब वे थक हारकर अधूरे स्कूल भवन को पूरा कराने के लिए अगस्त के प्रथम सप्ताह में आंदोलन का रुख अख्तियार करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी और जवाबदेही शासन-प्रशासन की होगी। ग्रामीणों का कहना है कि आधे-अधूरे स्कूल भवन के कारण कई स्कूली बच्चे झोपड़ीनुमा खंडहर मकानों, दूसरों के घरों या पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर हो रहे हैं। 'स्कूल जतन योजना' के अंतर्गत स्कूल भवन निर्माण को ठेकेदार द्वारा आधा-अधूरा छोड़कर काम बंद कर दिया गया है और मजदूरों को मजदूरी का भुगतान भी नहीं किया गया है। इसके अलावा, प्राथमिक शाला गरीबा का हाल भी बेहाल है। 'स्कूल जतन योजना' के तहत छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा विभाग द्वारा जर्जर स्कूल भवनों में पढ़ रहे बच्चों के लिए लाखों रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी। ठेकेदारों के साथ यह एग्रीमेंट किया गया था कि वे सही समय पर नया स्कूल भवन बनाकर देंगे, ताकि स्कूली बच्चों को विद्या अध्ययन करने में कोई तकलीफ या व्यवधान न हो। लेकिन महीनों और साल गुजर जाने के बाद भी नया स्कूल भवन बनकर तैयार नहीं हुआ है, जिसके कारण बच्चों को आज भी झोपड़ीनुमा सार्वजनिक मकानों में पढ़ाई करनी पड़ रही है। बैठक में मुख्य रूप से जनपद सदस्य फूलचंद मरकाम, सरपंच प्रतिनिधि टीकम मरकाम, भीखऊ राम नेताम, रविंद्र मरकाम, मेघनाथ मरकाम, कार्तिक राम नेताम, टीकेश नेताम, सुंदर नेताम, अंगद राम नेताम, राम सिंह नेताम, श्याम लाल नेताम, प्रेम सिंह नेताम, जयहिंद नेताम, सदाराम कुंजाम, हेमलाल नागेश, सुखमन मरकाम, लोकनाथ मरकाम, हुलाल मरकाम, धन्नू राम मरकाम, चुन्नू लाल नेताम, ईश्वर मरकाम, शंकर लाल मरकाम, पुरन मेश्राम सहित सैकड़ों ग्रामीण जन शामिल रहे।

# हरेली त्योहार सामाजिक एकता व सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्यौहार पर्व हरेली तिहार इस वर्ष 24 जुलाई, दिन गुरुवार को पूरे उल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व कृषि और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का एक अनूठा माध्यम है। सावन मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह पर्व 'हरियाली' शब्द से बना है, जो प्रकृति और कृषि के प्रति इस क्षेत्र के गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। हरेली तिहार छत्तीसगढ़ के कृषि प्रधान समाज में गहरी आस्था और सामाजिक जुड़ाव के साथ मनाया जाने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण त्योहार है। यह पर्व उस समय आता है, जब खेतों में धान की रोपाई का कार्य चरम पर होता है और चारों ओर सघन हरियाली मन मोह लेती है। किसानों का मन भी प्रकृति की इस अनुपम देन को देखकर प्रफुल्लित हो उठता है, और वे इस पर्व के माध्यम से धरती माता व प्रकृति के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं। यह त्योहार एक तरह से मानसून के आगमन और नई फसल चक्र की शुरुआत का भी प्रतीक है।

**पारंपरिक अनुष्ठान और गेड़ी का आनंद-** इस दिन किसान सुबह थाली में आटा की लोदी, नमक, दाल, चावल, नारियल आदि सामान लेकर साहड़ा चौक पर जाते हैं। यहां राउत द्वारा जंगल से जड़ी बूटी और कांदा को गांव के देवी-देवता में पूजा-अर्चना कर भोग लगाया जाता है, फिर इसे प्रसाद के रूप में सभी को वितरित करते हैं। इसके बाद किसान अपने हर खेतों और घर के मुख्य द्वार पर नीम या भेलवा की पत्तियां लगाते हैं। यह नकारात्मक ऊर्जाओं और कीटों से सुरक्षा का पारंपरिक प्रतीक माना जाता है, जो ग्रामीण जीवन में प्रकृति के महत्व को दर्शाता है। इस दिन किसान अपने कृषि औजारों जैसे हल, कुदाल, गैंती, नागर आदि को साफ-सफाई कर उनकी विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं, और मीठे भोग के साथ चावल का चीला अर्पित किया जाता है। इसी के साथ बच्चे और युवा गेड़ी चढ़ने का आनंद लेते हैं, जो मनोरंजन के साथ-साथ शरीर में फुर्ती बनाए रखने में सहायक होती है।



24 जुलाई को मनेगा हरेली तिहार

### सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक

हरेली त्योहार केवल एक कृषि पर्व नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। यह त्योहार न केवल कृषि और पर्यावरण से जुड़ाव को दर्शाता है, बल्कि परंपराओं के सम्मान को भी बढ़ावा देता है। ग्रामीण जनजीवन में इसका विशिष्ट स्थान है, जहां पीढ़ियों से यह पर्व उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। हरेली की पूजा और आयोजन केवल धार्मिक आस्था भर नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव जीवन के गहरे अटूट रिश्ते की झलक है। यह पर्व वास्तव में छत्तीसगढ़ के जीवन दर्शन को प्रतिबिंबित करता है।

### सीएम से गौठान योजना को फिर से शुरू करने की मांग

**अभनपुर।** फ़तीश लोक सांस्कृतिक एवं जन सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता फ़तीश साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार की बंद पड़ी गोठान योजनाओं को पुनः लागू किया जाए। उन्होंने बताया कि इस योजना से 7,000 गांवों की 70,000 एकड़ शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त हुई थी और ग्रामीणों, महिलाओं व युवाओं को स्थानीय रोजगार मिला था। वर्तमान में योजना बंद होने से लोग बेरोजगार हो गए हैं और आवारा मवेशियों के कारण सडक़ों पर हादसे बढ़ गए हैं व किसान चिंतित हैं। फ़तीश साहू ने आग्रह किया कि सरकार को जनहित योजनाओं पर राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय लेना चाहिए। इस मांग में टिकेंद्र बघेल, धनेश्वरी डाडे, नंदकुमार साहू, विमल साहू, डॉ. ओमप्रकाश साहू,जयवर्धन बघेल,प्रमोद मंडल,पन्ना लाल नवरंगे,लखन साहू,सिकुन कोसे,मुन्ना बांधे सहित कई समाजसेवियों व ग्रामीणों ने समर्थन दिया है।

# नवा रायपुर में ग्रामीण की लाश मिलने से हड़कंप, विधायक को सौंपा जांच पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम हीराबतर निवासी नकुल राम यादव का कुछ ही दिन पहले नया रायपुर के राखी थाना क्षेत्र में लावारिस हालत में लाश मिली थी। लेकिन लाश लावारिस हालत में मिलने और परिजनों का पता नहीं चलने के चलते पुलिस की मानें तो पीएम कर लाश को कफन दफन कर दिया गया था। जिसके दो तीन दिन बाद परिजनों को पता चलने पर राखी थाना पहुंचे और मनहरण यादव के द्वारा अपने पिता जी नकुल यादव के रूप में लाश का फोटो देख पहचान की गई। वहीं फोटो में लाश में एक भी कपड़ा नहीं था जिसके चलते परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की गई है। जिसमें पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद हम उस आधार पर जांच को आगे करेंगे। साथ ही परिजन लाश का दोबारा पीएम करने की बात को लेकर क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव को पत्र सौंपते हुए जांच की मांग कर रहे हैं। जिस पर क्षेत्रीय विधायक ने रायपुर और गरियाबंद एसपी को फोन के माध्यम से तुरंत बात करते हुए परिजनों के मांग के आधार पर पुनः जांच किए जाने की बात कही गई। वहीं लाश बिना कपड़ों का पाया गया था उसके शरीर में एक भी कपड़े नहीं थे तो परिजनों का कहना है कि आख़िर शरीर का कपड़ा कहां गया कि लाश बिना कपड़ों का मिला है । और उसके लड़के मनहरण यादव का मानें तो जमीन संबंधी लेन-देन का पैसा के काम से जा रहा हूं करके उनके पिता जी घर से निकले थे किसी आदमी से जमीन का पैसा लेना था और वो पिछले एक दो सालों से घुमा रहा था जिसकी सुचना स्थानीय पुलिस थाने छुरा में भी दी गई थी। इन सब बातों को लेकर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस जांच की मांग की जा रही है। अब आने वाले दिनों में ही पता चल पाएगा कि पीएम रिपोर्ट आने और पुलिस की जांच के बाद क्या तथ्य सामने आएगा।

### सोरिद खुर्द शिव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**मुड़ागांव (कोरासी)।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के विभिन्न शिव मंदिरों में 'बोल बम' और 'हर हर महादेव' के जयकारे गूंज रहे हैं। सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। कांवड़ यात्राएं, जलाभिषेक और शिवधुनों के साथ गांवों, गली-मोहल्लों और सड़कों का माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया है। छुरा विकासखंड में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिरों में दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालु दूर-दराज से पैदल कांवड़ लेकर पहुंचे। इन्हीं में से एक प्राचीन शिवलिंग 8वीं शताब्दी का है, जो छुरा



विकासखंड के अंतिम छोर पर घाट खाल्हे में बसे ग्राम सोरिद खुर्द में स्थित है। यह स्थल छुरा-फिंगेश्वर पहुंच मार्ग के मध्य में है, छुरा से 20 किलोमीटर और फिंगेश्वर से 11 किलोमीटर की दूरी पर सोरिद खुर्द से दो किलोमीटर की दूरी पर यह प्राचीन मंदिर मौजूद है।
इस बार सावन सोमवार के साथ कामिका एकादशी का विशेष संयोग भी है, जिसे धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत शुभ माना गया है। वृद्धि योग, ध्रुव योग, गौरी योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग जैसे कई शुभ संयोग आज बन रहे हैं।

## विधायक ने सप्ताहिक बाजार में पैदल घूम घूमकर ग्रामीणों से पूछा हालचाल

# विधायक ध्रुव ने मैनपुर बाजार में सुनी जनता की समस्याएं, खाद-बीज की कमी पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ के लोकप्रिय विधायक जनक ध्रुव ने अपनी अनूठी शैली में सोमवार को मैनपुर के साप्ताहिक बाजार का दौरा किया। रिमझिम बारिश के बावजूद, वे पैदल घूमकर छोटे-बड़े दुकानदारों से चर्चा की, सब्जी-भाजी खरीदी, और एक चाय की दुकान में बैठकर ग्रामीण, किसान, मजदूर, छात्र तथा अन्य लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक जनक ध्रुव को चाय दुकान में बैठकर लोगों की समस्या सुनते देख भारी भीड़ जमा हो गई। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से पहुंचे ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं के साथ-साथ व्यक्तिगत परेशानियां भी बताईं। पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार को मैनपुर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में दूर-दूर से लोग आते हैं, और उन्हें जब भी समय मिलता है, वे यहां पहुंचकर जनता से मिलते हैं और उनकी समस्याओं को जानते हैं। उनका मानना है कि यहां सभी लोगों से मुलाकात हो जाती है और जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। साप्ताहिक बाजार में चौपाल लगाकर समस्याएं सुन रहे विधायक जनक ध्रुव ने बताया कि आने वाले दिनों में वे और भी साप्ताहिक बाजारों में चौपाल लगाएंगे और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। इस दौरान किसान हीरालाल यादव, रमेश साहू, रामसाय निर्मलकर, सियाराम ध्रुव, कमलेश ठाकुर, राजकुमार जगत, अशोक ठाकुर, रामसिंह ध्रुव, यशकुमार नागेश, जितेंद्र मरकाम, हलधर ठाकुर ने विधायक को बताया कि बारिश के साथ ही किसान धान की बोनी और रोपाई में लग गए हैं, लेकिन अभी तक किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे बहुत परेशान हैं। इस पर विधायक जनक ध्रुव ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की और पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार किसानों को खाद-बीज उपलब्ध नहीं करा पा रही है। खुले बाजारों में किसान डीएपी खाद अधिक कीमत पर खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज किसानों को खाद-बीज की बहुत जरूरत है, लेकिन भाजपा सरकार खाद-बीज उपलब्ध कराने में विफल साबित हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही खाद-बीज के साथ-साथ किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन करेंगे। इस दौरान क्षेत्र भर से पहुंचे लोगों ने बारी-बारी से विधायक जनक ध्रुव को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि वे पहले विधायक हैं जो साप्ताहिक बाजार के भीतर जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। ग्रामीणों ने विधायक को अपने गांव आने का निमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, महामंत्री निहाल नेताम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, निखिल नेताम, डोमार साहू, जाकिर रजा एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### ग्रामीणों ने बताईं मूलभूत समस्याएं

भालुडिग्गी, मटाल, कंवरआमा क्षेत्र से पहुंचे ग्रामीण मदन नागेश, बुधवारू राम कमार, मानकी सोरी, मनीराम सोरी, हीराबाई सोरी, बैसाखिन नेताम ने विधायक को बताया कि उन्हें राशन सामग्री गांव तक ले जाने में भारी परेशानी हो रही है, क्योंकि गांव तक पहुंचने के लिए सड़कें नहीं हैं। साथ ही, छोटे-छोटे शासकीय कार्यों जैसे आधार लिंक और राशन कार्ड के लिए उन्हें बार-बार मैनपुर आना पड़ता है। इस पर विधायक ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से बात कर आने वाले दिनों में पंचायत मुख्यालयों में इस तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**
**फार्म अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक **करण कुमार आ. श्री खेमलाल उम्र 23 वर्ष, जाति महार, निवासी वार्ड क्र. 02. चिखलाकसा, तह. डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) एवं दुर्गा साहू आ. श्री पन्नालाल साहू, उम्र 27 वर्ष, जाति तेली, निवासी वार्ड क्र. 18 शीतला पारा नवा पारा राजिम, थाना व तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)** द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक **28.07.2025** के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक **27.06.2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अगामी तिथि- 28.07.2025**

मुहर

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### सामाजिक विकास को लेकर जिला साहू संघ की हुई बैठक



**फिंगेश्वर।** जिला साहू संघ गरियाबंद का बैठक साहू समाज भवन फिंगेश्वर में आवश्यक सामाजिक विषयों को लेकर संपन्न हुआ जिसने समाज को मजबूती प्रदान करने तथा सामाजिक विकास एवं उत्थान पर चर्चा हुई। बैठक के शुभारंभ में भक्त कर्मा माता का महाआरती हुआ जिसमें प्रमुख रूप से जिला साहू संघ के अध्यक्ष  नारायण लाल साहू, संरक्षक रामू राम साहू,संरक्षक कुजन लाल साहू,महासचिव हेमन्त साहू,गेंद लाल साहू ईश्वर साहू, डॉ. महेंद्र साहू राम,अवध राम साहू भुवन साहू, मिंजुन साहू,अशोक साहू, राजू साहू, विष्णु साहू  सहित अनेक पदाधिकारी ने विचार व्यक्त किया।संरक्षक रामू राम साहू ने संबोधित कर समाज के विकास उत्थान और सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया जहां बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं समाज के लोग उपस्थित थे।

### राज्यपाल के गोदग्राम में वित्तीय समावेशन शिविर

**गरियाबंद।** अग्रणी बैंक गरियाबंद के तत्वाधान में बैंक ऑफ बड़ौदा फिंगेश्वर शाखा द्वारा विगत दिवस फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत बिजली में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान शिविर आयोजन किया गया। जिसमें शिविर में उपस्थित ग्रामीणजन वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत बैंकिंग सुविधा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन खाता, डिजिटल धोखाधड़ी एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एफएलसी लीड बैंक गरियाबंद के प्रेमलाल साहू ने बताया कि शिविर स्थल में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन खाता पात्र हितग्रहियों पंजीयन एवं केवाईसी किया गया। जिला व्यापार उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक दीनबंधु ध्रुव ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया गया और जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी रश्मि गुप्ता ने अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी दी। शिविर में एफएलसीआरपी खिलेश्वरी साहू, बैंक मित्र तामेश निषाद, भूषण साहू, योगेश साहू एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### फणीकेश्वरनाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**फिंगेश्वर।** सावन के दूसरे सोमवार और एकादशी के शुभ अवसर पर, फिंगेश्वर नगर के फणीकेश्वरनाथ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। भक्तों ने भगवान फणीकेश्वरनाथ का जलाभिषेक किया और अपनी खुशहाल ज़िंदगी के लिए बेलपत्र, पुष्प, श्रीफल अर्पित कर अगरबत्ती जलाकर पूजा-अर्चना की। पंडित दिनेश महाराज ने बताया कि एकादशी पर्व और सावन के दूसरे सोमवार के संगम पर भगवान के दर्शन करने से बड़ा ही पुण्य मिलता है और इस दिन की गई प्रार्थनाएँ निश्चित रूप से पूरी होती हैं। मंदिर परिसर में सुबह से ही नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों से लोगों का ताँता लगा रहा। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भगवान फिंगेश्वर नाथ के साथ-साथ मंदिर परिसर में स्थित शीतला माता मंदिर और पंचमंदिर के भी दर्शन किए।

## निधन

### शांति देवी चतुर्वेदी



**पाण्डुका।** ग्राम अतरमरा निवासी स्व. शांति देवी चतुर्वेदी 87 वर्ष में उनका निधन 21 जुलाई को दोपहर 2 बजे हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज दिनांक 22 जुलाई को गृहग्राम अतरमरा के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अभिषेक चतुर्वेदी, शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत सभापति गरियाबंद एवं आशीष चतुर्वेदी के दादी थे।

---

### कार्यक्रम : सावन में भगवान शिव की भक्ति शीघ्र लाभदायी

# शिव भक्ति से ही आएगी समाज व दुनिया में शांति






हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम में साध्वी प्रज्ञा भारती के सानिध्य में आयोजित तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम का सोमवार शाम को समापन हुआ। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा सावन महीना भगवान भोलेनाथ को प्रिय है, इसलिए केवल सोमवार को ही नहीं बल्कि पूरे सावन भर उनकी पूजा-अर्चना और आरती की जानी चाहिए। उन्होंने प्रदेश और विशेषकर राजिम क्षेत्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना की।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि भोलेनाथ बहुत जल्द प्रसन्न हो जाते हैं। साध्वी प्रज्ञा भारती ने भगवान श्री राजीव लोचन की पवित्र भूमि पर निस्वार्थ भाव से यह कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में माताओं और बहनों ने भाग लिया। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज को जोड़ने वाला और नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने वाला बताया।

#### पार्थिव शिवलिंग नश्वरता और एकत्व की सीख

प्रज्ञा भारती दीदी ने कहा कि अध्यात्म और पूजा ही मानव को सन्मार्ग की ओर ले जा सकता है। उन्होंने राजिम विधायक रोहित साहू को और मजबूती प्रदान करने के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना की। उन्होंने समझाया कि मिट्टी से बना शिवलिंग हमें जीवन की नश्वरता, विनम्रता और परमात्मा से एकत्व की सीख देता है, और रुद्राभिषेक के माध्यम से हम अपने भीतर की नकारात्मकता को दूर कर सकते हैं।

#### पार्थिव शिवलिंग निर्माण के महत्व को समझाया

- आयोजन स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। प्रज्ञा भारती दीदी ने तीनों दिन भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए शिव तत्व की व्याख्या की और पार्थिव शिवलिंग निर्माण के गूढ़ आध्यात्मिक महत्व को सरल भाषा में समझाया। विधायक रोहित साहू और भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने रुद्राभिषेक में भाग लेकर क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए मंगल कामना की। कार्यक्रम में भव्य रुद्राभिषेक, संगीतमय शिव भजन, शिव तांडव और सामूहिक आरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, सुअंजना उपाध्याय, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, छाया राही, नपा उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी-कोमल ढीढी, जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, किरण तिवारी, सीमा शर्मा, तनु मिश्रा, ऐश्वर्या, भावना शर्मा, सविता गोस्वामी, ईश्वरी शर्मा, देवकी साहू, खुशी साहू सहित बड़ी संख्या में माताएं और बहनें उपस्थित थीं।



#### शिवभक्ति का मार्ग ही समाज में ला सकता है शांति

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद और राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि शिवजी की पूजा का विशेष महत्व है, यह प्रकृति की पूजा है जिससे पूरे ब्रह्मांड की पूजा हो जाती है। उन्होंने सभी के मनोकामनाएं पूरी होने और समरसता के वातावरण में मिलजुल कर रहने की कामना की। उन्होंने यह भी कहा कि शिवभक्ति का मार्ग ही समाज में शांति और समरसता ला सकता है।

---

# राजिम में मंत्री टंकराम वर्मा के भजन पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा रविवार को अपने पत्नी के साथ राजिम पहुँचे। यहां उन्होंने भगवान श्री राजीव लोचन एवं कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना किया। भगवान शिव का अभिषेक कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय भी उनके साथ मौजूद थे। बता दें कि कुलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में दर्शन के बाद मंत्री टंकराम ने शिवभक्ति के ऐसा भजन सुनाया जिसमें श्रद्धालु झूम उठे। मंत्री श्री वर्मा पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक पूजन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता से राजिम नगरी पूरी तरह शिवमय हो उठी। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राजिम जैसे तीर्थ में इस तरह का आयोजन छत्तीसगढ़ की धार्मिक परंपराओं को जीवित रखने का कार्य करता है। विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह आयोजन श्रद्धा और संस्कृति का प्रतीक है, जो समाज को आध्यात्मिक शक्ति से जोड़ता है। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पूजन नहीं, बल्कि सनातन परंपराओं को जन-जन तक पहुँचाना और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना भी है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति आकाश राजपूत, कुलेश्वर साहू, संजीव साहू, अमर ठाकुर, रेणुका साहू, जितेंद्र पेंदरिया, युवराज साहू, सुरेश पटेल, अजय पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता श्रद्धालु गण उपस्थित थे।



# रसेला के घुम्मकई बांध के जीर्णोद्धार की मांग सात साल से काम अधूरा, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

जिला पंचायत सदस्य और पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने रसेला के घुम्मकई बांध के जीर्णोद्धार के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया है। इसके बाद कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी को फोन पर तत्काल कुछ मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। ग्राम रसेला में स्थित घुम्मकई चेक डैम का 'उलट' (पानी रोकने वाला हिस्सा) वर्ष 2018 से टूटा हुआ है, जिसकी जानकारी जल संसाधन विभाग को दी जा चुकी है। सात साल बीत जाने के बाद भी विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। इसके परिणामस्वरूप, बारिश के दिनों में भी किसानों को इस चेक डैम से पानी नहीं मिल पाता, क्योंकि टूटा हुआ 'उलट' बारिश के पानी को सीधे नदी में बहा देता है। यह चेक डैम सैकड़ों एकड़ फसल की सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है। 'उलट' टूटने के कारण किसानों को अपने खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए खुद श्रमदान कर रेत की बोरियों से दीवार बनानी पड़ती है ताकि वे अपनी फसलों को बचा सकें।

**किसानों की व्यथा और अधिकारियों की अनदेखी-** किसान भागीरथी भुजिया, नदूदास मानिकपुरी, कुबेर भुजिया, धनीराम यादव, ईश्वर, शंकर कुर्रे, भानुप्रताप, लुकेश्वर भुजिया, रूपसिंह, तिलकराम, नामदेव, लोमेश, वेदव्यास निषाद, परदेशी, जगदीश निर्मलकर सहित अन्य कृषकों ने बताया कि जब से 'उलट' टूटा है, तब से वे अपने स्वयं के खर्चे से सिंचाई के लिए अस्थायी व्यवस्था करते हैं, लेकिन उन्हें एक स्थायी 'सेफ्टी दीवाल' की सख्त आवश्यकता है। किसानों का कहना है कि वे पिछले सात सालों से अपनी इस समस्या को संबंधित विभाग, कलेक्टर, विधायक, मंत्री से लेकर निचले स्तर के अधिकारियों तक प्रमुखता से उठाते रहे हैं, लेकिन यह समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। बारिश हो रही है और नदी का पानी बह रहा है, जिससे किसानों के माथे पर अभी से चिंता की लकीरें देखी जा सकती हैं।

#### स्वीकृत राशि के बावजूद काम अधूरा



यह भी जानकारी मिली है कि जीर्णोद्धार कार्य के लिए मनरेगा के तहत वर्ष 2020-22 में आठ लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन रसेला की स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है, जहां बारिश के मौसम में भी किसान बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।

# ईडी बना भाजपा का राजनीतिक हथियार : कामदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सकलेन कामदार ने कहा है कि केंद्र की जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करने वाली राजनीतिक इकाई बन चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के परिवार को जिस तरह दुर्भावना और प्रतिशोध की भावना से निशाना बनाया जा रहा है, कांग्रेस पार्टी इसका कड़ा विरोध करती है। चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन के दिन गिरफ़्तार किया जाना इस बात का साफ़ प्रमाण है कि यह कार्रवाई जानबूझकर दुर्भावना से की गई है। यह न सिर्फ़ राजनीतिक बदले की भावना दर्शाता है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं पर भी सीधा हमला है। सकलेन कामदार ने कहा कि यह स्पष्ट है कि जो भी जनता, जंगल और ज़मीन को बचाने के लिए आवाज़ उठाएगा, उसे भाजपा सरकार दबाने की कोशिश करेगी। कांग्रेस पार्टी ने हसदेव में पेड़ कटाई, बस्तर में खनिजों की लूट और तमनार में जंगल कटाई का विरोध किया इसलिए अब भाजपा सरकार ईडी जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। यह वही सरकार है जो स्वयं भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है 32,000 में एक जग, 1,300 में चप्पल और 10 लाख में टीवी जैसी खरीददारी कर रही है। यह जनता के पैसों की खुली लूट है। लेकिन कांग्रेस न झुकेगी, न डरेगी। हम गरीब, आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों की आवाज़ हमेशा बुलंद करते रहेंगे। छत्तीसगढ़ को बिकने नहीं देंगे। भाजपा की तानाशाही और भ्रष्टाचार के विरुद्ध कांग्रेस पार्टी 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे राज्यव्यापी आर्थिक नाकेबंदी और चक्का जाम का आयोजन कर रही है। जनता से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में इस जन आंदोलन में भाग लेकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध दर्ज करें।



# तनिष्का का हुआ प्रयास विद्यालय बिलासपुर में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सेंट जॉन'स इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र ने कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।विदित हो कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 20 अप्रैल 2025 को किया गया था।इस परीक्षा में सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरा की कक्षा 8वीं की छात्राएं कुमारी तनिष्का ठाकुर ने सफलता प्राप्त कर कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए स्थान सुरक्षित किया है। बच्चों की इस सफलता पर गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, उनके माता युमना ठाकुर सहित छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद के पदाधिकारियों जिला अध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर, जिला संरक्षक छतरसिंह ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी,जिला सचिव शीतल ध्रुव,जिला मीडिया मीडिया प्रभारी पुनितराम ठाकुर, शिव ठाकुर, भुवन लाल ठाकुर, कुलेश्वर मरकाम, पंकज कुमार साहू, भगवाराम साहू, तुलेश्वरी कंवर, राजेश्वरी ठाकुर,तनुजा ध्रुव, भोगेंद्र ठाकुर, तेजस्वी ठाकुर, निर्मला ध्रुव, संतोष सोरी ने उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



### 15 अगस्त से विभिन्न विभागों द्वारा की जाएगी गतिविधियां

# रजत जयंती वर्ष 2025-26 का होगा वृहद आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

भारत का 26वां राज्य बनने के 25 साल पूरे होने पर, छत्तीसगढ़ 2025-26 में रजत जयंती वर्ष का भव्य आयोजन करने जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास की गाथा को जन-जन तक पहुंचाना है। यह आयोजन 15 अगस्त 2025 से 31 मार्च 2026 तक चलेगा।

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव, श्री सुब्रत साहू ने हाल ही में जिला कलेक्टरों के साथ एक ऑनलाइन बैठक की। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों पर चर्चा हुई। गरियाबंद से कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित अन्य जिला अधिकारी शामिल हुए। अपर मुख्य सचिव ने सभी विभागों को तय समय में शानदार आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**सामाजिक एवं जन जागरूकता** - पुस्तक वाचन दिवस, बाल पंचायत प्रदर्शनी, पोषण मेला, महतारी सम्मेलन, मेगा हेल्थ कैंप, टीकाकरण अभियान, सेमिनार, जॉब फेयर, प्रवासी छत्तीसगढ़ सम्मेलन, फिट छत्तीसगढ़ चैलेंज, विशेष ग्रामसभा, स्वच्छता सप्ताह, रंगोली, निबंध, भाषण प्रतियोगिता, हर्बल मेला, किसान मेला, हर घर तिरंगा अभियान, सुशासन सप्ताह, संविधान दिवस, सड़क सुरक्षा माह, रक्तदान शिविर, क्रिएटर मीट, साइन लैंग्वेज डे, वरिष्ठ नागरिक सम्मान सम्मेलन, चावल उत्सव। अन्य - शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार। यह महाअभियान छत्तीसगढ़ के विकास और सांस्कृतिक गौरव को एक नए स्तर पर ले जाने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।



#### कार्यक्रमों की विस्तृत सूची

रजत जयंती वर्ष के दौरान कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें शामिल हैं। **सांस्कृतिक आयोजन-** छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल, फूड उत्सव, शिल्प मेला, कलांजलि, लोकनृत्य महोत्सव, देशभक्ति गीत महोत्सव, कवि सम्मेलन, युवा महोत्सव, पतंग उत्सव, गंगरेल उत्सव, महानदी उत्सव, इंद्रावती उत्सव, जनजातीय गौरव दिवस।

#### आयोजन के मुख्य उद्देश्य और गतिविधियां

रजत जयंती वर्ष का मुख्य उद्देश्य राज्य की उपलब्धियों को हर कोने तक पहुंचाना है और साथ ही 2050 के भावी छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान के लिए नागरिकों को प्रेरित करना है। इस आयोजन में युवा, महिला, किसान सहित सभी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रमों के केंद्र बिंदु गरीब कल्याण, युवा सशक्तिकरण, अन्नदाता एवं नारी सशक्तिकरण होंगे। प्रत्येक विभाग अपनी 25 वर्षों की यात्रा को प्रदर्शित करते हुए एक विशेष सप्ताह का आयोजन करेगा। ये आयोजन वार्ड, पंचायत, विकासखंड और जिला स्तर पर होंगे। इनमें जनप्रतिनिधियों, योजनाओं के लाभार्थियों, आम नागरिकों, महिलाओं, स्कूली व कॉलेज के विद्यार्थियों, किसानों, श्रमिकों, भूमिहीन मजदूरों और उद्यमियों को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा।

